परेशानी | रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग ठेका समाप्त होने के बाद भी नहीं पूरी हुई नई टेंडर प्रक्रिया

# स्टेशन के बाहर वाहन लावारिस, अवैध वूसली जारी



**नवभारत,कटनी।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे के कटनी जंक्शन और मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर पार्किंग व्यवस्था टेंडर नहीं होने से जहां राजस्व का नुकसान हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों द्वारा वाहन चालकों से अवैध वूसल की जा रही है। पिछले डेढ़ महीने से दोनों ही स्टेशन के बाहर पार्किंग स्थल में वाहन लावारिस की तरह खड़े हो रहे हैं, और पिछले डेढ़ महीने से अवैध वसूली की जा रही है। कटनी के मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-5 स्थित पार्किंग स्टैंड का ठेका 30 मार्च को समाप्त हो गया था। इसके बाद नया टेंडर नहीं हुआ। सैकड़ों नौकरीपेशा, व्यापारी और छात्र अपने दोपहिया और चारपहिया वाहन खुले में छोड़ने को मजबूर हैं, जिससे वाहन चोरी का खतरा बढ़ गया है। पूर्व में भी यहां से वाहन चोरी की वारदातें हुई हैं। यही स्थिति मुड़वारा रेलवे स्टेशन की है, रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग स्टैंड का ठेका लगभग एक महीने पहले ही समाप्त हो गया है। जिसके बाद से टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। यहां से भी रेलवे को राजस्व का नुकसान हो रहा है और स्टेशन आने वाले वाहन चालकों से अवैध वसूली की जा रही है। जानकारी के अनुसार ठेका समाप्त होने के बाद से परिसर पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग गया है। देर शाम होते ही यहां शराबखोरी, हुड़दंग और संदिग्ध गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। इन गतिविधियों के कारण स्टेशन आने-जाने वाले परिवारों और विशेषकर महिला यात्रियों को असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस पूरी अव्यवस्था का सबसे गंभीर पहलू यह है कि पार्किंग टेंडर न होने का फायदा कुछ रसूखदार और असामाजिक तत्व उठा रहे हैं। दोनों ही स्टेशनों पर बाहरी और अनजान यात्रियों से पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। यात्रियों का आरोप है कि ठेका नहीं होने के बावजूद उनसे वसूली की जा रही है। पार्किंग स्थल पर मौजूद लोग 20 से 50 रुपए तक ले रहे हैं। आधिकारिक रसीद नहीं दी जाती और न ही वाहन की सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी ली जाती है। यदि कोई यात्री इसका विरोध करता है, तो उसके साथ गाली-गलौज और विवाद किया जाता है। स्टेशन से रोजाना अप-डाउन करने वाले दैनिक यात्रियों का कहना है कि पार्किंग व्यवस्था सिर्फ रेलवे के लिए राजस्व कमाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा से सीधा मामला है। मुड़वारा रेलवे स्टेशन के बाहर वाहन पार्किंग का ठेका नहीं होने से स्टेशन के बाहर खड़े हो रहे वाहनों के चोरी होने का खतरा बना रहता है, अंधेरा होते ही पार्किंग स्टैंड में आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा हो जाता है। वाहनों चालकों से अवैध वसूली की जा रही है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यही वजह है कि अवैध वसूली करने वालों के हौंसले बुलंद हैं।



# रेत का अवैध परिवहन करते सात ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**बरही थाना क्षेत्र में पुलिस ने की कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बरही थाना क्षेत्र में रेत का अवैध परिवहन करने पर अलग-अलग स्थानों दबिश देते हुए पुलिस ने रेत से भरे सात ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ा हैं। पुलिस ने बताया कि उन्हें काफी समय से अवैध रेत के कारोबार की शिकायतें मिल रही थीं। जिसके बाद पुलिस टीम लगातार कार्रवाई के लिए अपने सूचना तंत्र को मजबूत कर रही थी। इस बीच मुखबिर से जानकारी मिली कि चपना नदी घाट से रेत ले जाई जा रही है, तो बरही, कैमोर और विजयराघवगढ़ की पुलिस ने मिलकर वहां दबिश दी। पुलिस ने चपना नदी घाट के पास घेराबंदी कर 3 ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ीं। इनमें दो ट्रैक्टर शामिल है। वहीं, जगुआ नदी घाट पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने 4 और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रंगे हाथों पकड़ा। चपना से पकड़ी गई ट्रैक्टर ट्रालियों को बरही थाना परिसर में खड़ा कराया गया है, जबकि जगुआ से पकड़ी ट्रैक्टर ट्रालियों को खितौली पुलिस चौकी परिसर में खड़ा कराया गया है। पुलिस ने बताया कि अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर शासन के कड़े निर्देश हैं। क्षेत्र में इस तरह का कोई भी गलत काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने पकड़े गए वाहन मालिकों और ड्राइवरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और आने वाले दिनों में भी ऐसी छापेमारी जारी रखने की बात कही है। गौरतलब है कि बरही थाना क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर ट्रैक्टर ट्रालियों के माध्यम से रेत का अवैध खनन कर अवैध परिवहन किया जा रहा है। कार्रवाई के बावजूद रेत का अवैध उत्खनन नहीं रूक रहा है। रेत का अवैध उत्खनन और उसका अवैध परिवहन लगातार जारी है।

## एक नजर में

### नगर निगम में महापौर करेंगे जनसुनवाई

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम में आज मंगलवार को महापौर द्वारा जनसुनवाई की जाएगी। इस पहल के माध्यम से शहरवासी अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख पा रहे हैं, जिससे शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और तत्काल होती जा रही है। सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक मेयर इन काउंसिल सभागार में महापौर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। शहर के विभिन्न वार्डों से नागरिक अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर उपस्थित हो सकते हैं। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष सीधे अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिलेगा। प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे, ताकि समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। जनसुनवाई में नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिससे प्राप्त आवेदनों पर मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इससे शहरवासियों को अलग-अलग शाखाओं के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी और एक ही स्थान पर समाधान की दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।


# किसान पर एफआईआर, बोरिंग मशीन लापता

**नलकूप खनन मामले में की गई कार्रवाई पर उठ रहे सवाल**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किए जाने के बाद नए नलकूप खनन पर जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसी प्रतिबंध के आधार पर दर्ज कराई गई एफआईआर से प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी हल्का नंबर 31 के अमित कुमार पटेल द्वारा किसान राकेश गौड़ पटवारी हल्का नंबर 31, खसरा नंबर 98, रकबा 1.78 पर शासकीय भूमि पर बगैर अनुमति बोरिंग करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पूरे मामले में हैरान करने वाली बात ये है कि पुलिस और राजस्व विभाग की एफआईआर में बोरिंग मशीन का कहीं कोई उल्लेख नहीं है। आमतौर पर ऐसी कार्रवाई में सबसे पहले बोरिंग मशीन को जब्त किया जाता है। लेकिन इस मामले में मशीन को पूरी तरह बचा लिया गया। इससे पहले जब भी नलकूप के अवैध खनन पर कार्रवाई के दौरान मशीनें जब्त की गई है। यही कारण है कि बगैर बोरिंग मशीन जब्ती के की गई इस कार्रवाई से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जल संकट के दौर में नियमों का पालन होना ही चाहिए, लेकिन कार्रवाई का पैमाना सबके लिए एक समान होना चाहिए। इस मामले में जिस तरह से मशीन को कार्रवाई के दायरे से बाहर रखकर सिर्फ किसान को फंसाया गया है, उससे साफ है कि प्रशासन रसूखदारों के सामने नतमस्तक है और अपनी पीठ थपथपाने के लिए सिर्फ कमजोर वर्ग को निशाना बना रहा है। अब देखना यह है कि क्या जिला प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कराकर उस लापता बोरिंग मशीन और पर्दे के पीछे के खेल को सामने लाएगा, या फिर यह गरीब किसान पर कार्रवाई कर उसे फंसाया जाएगा।

# महिला कर्मचारी की शिकायत के बाद हटाए गए सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य

**रीठी से हटाकर बहोरीबंद उत्कृष्ट स्कूल में किए गए अटैच**



**नवभारत,रीठी।** जिले के रीठी स्थित सांदीपनि शासकीय विद्यालय के प्राचार्य हेमराज कारपेंटर पर एक महिला ने गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने प्राचार्य पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद कराई गई जांच में प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य को सांदीपनि स्कूल से हटाकर बहोरीबंद उत्कृष्ट विद्यालय में अटैच कर दिया है। गौरतलब है कि रीठी के सांदीपनि शासकीय विद्यालय में कार्यरत महिला ने 4 मई को कटनी कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि प्राचार्य हेमराज कारपेंटर उन पर अनैतिक संबंध बनाने के लिए लगातार मानसिक और शारीरिक दबाव बना रहे थे। शिकायत के बाद मामले की जांच के आदेश दिए गए थे। जांच के गठित टीम द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को जांच प्रतिवेदन दिया गया। जिसके आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य हेमराज कारपेंटर को रीठी से हटाकर बहोरीबंद उत्कृष्ट विद्यालय में अटैच कर दिया गया है। उनके स्थान पर राम मनोज साहू को स्कूल का नया प्रभार सौंपा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार महिला कर्मचारी की शिकायत पर एक जांच दल गठित किया गया था। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद प्राचार्य हेमराज कारपेंटर को बहोरीबंद उत्कृष्ट स्कूल में अटैच कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय की व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए राम मनोज साहू को आगामी प्रभार सौंपा गया है। इस कार्रवाई से पीड़िता संतुष्ट नहीं है, प्राचार्य को बर्खास्त करने की मांग की गई है।

# महर्षि महेश योगी वैदिक विवि की डिग्रियों की वैधता पर उठ रहे सवाल

**बालाघाट के छात्र ने की थी शिकायत**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय करौन्दी द्वारा जारी की जा रही अंकसूचियों और डिग्रियों की प्रामाणिकता विवादों में आ गई है। सीधा सवाल उठने लगा है कि क्या विवि प्रबंधन के लोग महर्षि महेश योगी के सपनों को धूमिल कर रहे हैं। दरअसल बालाघाट के छात्र आशीष धुर्वे ने पुलिस अधीक्षक बालाघाट को एक बिंदुवार तथ्यात्मक शिकायत की है। जिसकी प्राथमिक जांच के बाद पुलिस अधीक्षक बालाघाट ने आगामी वैधानिक कार्रवाई और सघन जांच के लिए मामला सीधे कलेक्टर को प्रेषित कर दिया है। यह पत्र 10 अप्रैल 2026 को भेजा गया है। इसके पीछे बड़ा कारण यह है कि विश्वविद्यालय का मुख्यालय जिले के करौन्दी में स्थित है, इसलिए शिकायत की जांच की कमान कटनी जिला प्रशासन के हाथों में आ गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालाघाट द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से कलेक्टर को मूल शिकायत भेजकर वैधानिक कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि आवेदक आशीष धुर्वे ने विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी अंकसूची और उपाधि की मान्यता व वैधता को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं, आरोपी संस्थान कटनी जिले के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए नियमानुसार आगे की जांच कलेक्टर द्वारा की जाएगी। इसकी एक प्रतिलिपि थाना प्रभारी कोतवाली के माध्यम से शिकायतकर्ता छात्र को भी सूचनार्थ भेजी गई है। छात्र आशीष धुर्वे ने शिकायत में आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा नियमों को ताक पर रखकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि यूनिवर्सिटी खुद को शासकीय बताती है या निजी, इसे लेकर स्थिति साफ नहीं है। जबकि यूजीसी के पत्र 07.11.2014 के अनुसार स्ववित्त पोषित होने के कारण इसे राज्य निजी विश्वविद्यालय की श्रेणी में शामिल किया गया था। यूनिवर्सिटी इसके गठन से जुड़ी राज्य सरकार की अधिसूचनाएं सामने नहीं रखती। विश्वविद्यालय द्वारा निजी विवि के संचालन के लिए तय यूजीसी नियमों का पालन नहीं किया गया, जिससे इसके द्वारा जारी डिग्रियों की वैधता पर सीधे तौर पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतकर्ता छात्र की अंकसूची में परीक्षा केंद्र का नाम ही गायब है। इसके अलावा भी अन्य आरोप लगाए गए हैं।

# पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, ठेकेदार पर होगी एफआईआर



**लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत तहसीलदारों पर जुर्माना**

**नवभारत, कटनी।** समय-सीमा बैठक में सोमवार को कलेक्टर आशीष तिवारी ने विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम बरतरा-बरतरी में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइप लाइन की खुदाई कर क्षतिग्रस्त करने के मामले में बीएसएनएल के ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा बीत जाने के बावजूद सीमांकन प्रकरणों का निराकरण न करने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने नायब तहसीलदार सिन्गौड़ी और देवराकला राजेन्द्र श्रीवास्तव और नायब तहसीलदार देवराकला अवंतिका तिवारी पर जुर्माना लगाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे। कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन, समग्र ई-केवाईसी, जलगंगा संवर्धन अभियान, संबल पंजीयन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही प्रभारी मंत्री के पत्र के अनुसार समितियों के गठन की प्रक्रिया जल्द पूरा करने को कहा। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने मासिक ग्रेडिंग के मद्देनजर सभी विभागों को लंबित शिकायतों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन, हॉर्टीकल्चर, पीडब्ल्यूडी, स्कूल शिक्षा, वन, कृषि, अनुसूचित जाति, साईंस एण्ड टेक, नगरीय निकाय, श्रम, सहकारिता, वाणिज्यिक कर, वित्त, स्वास्थ्य, जनजातीय कार्य विभाग, परिवहन, गृह विभाग, सामाजिक न्याय और खनिज विभाग की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अंतर्गत शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर ने स्वरोजगार मूलक योजनाओं से जुड़े विभागों जैसे एमएसएमई, हॉर्टीकल्चर, मत्स्यपालन, अनुसूचित जनजाति विभागों को निर्देशित किया कि सभी विभाग संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाएं। बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में 12 से 14 मई के बीच 381 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। जिस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ को आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन कार्य की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को लगातार फार्मर रजिस्ट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री की बकेटिंग पर भी फोकस करने की हिदायत दी। इस दौरान कलेक्टर ने तहसीलवार डाटा के डिजिटाइजेशन प्रगति और 7वीं लघु सिंचाई की भी समीक्षा करते हुए जल्द इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में 1 मई से शुरू हुए मकान सूचीकरण कार्य की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को तय समय-सीमा में मकान सूचीकरण का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को फील्ड का भ्रमण कर जनगणना कार्य का जायजा लेने की हिदायत दी। बैठक के दौरान डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उईके, सभी एसडीएम, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित सहित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी रही।

# जनगणना कार्य पूरा करने वाली पहली तहसील बनी कटनी

**39 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स में मकान गणना कार्य पूरा**



**नवभारत, कटनी।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण और मकान गणना कार्य में कटनी ग्रामीण तहसील ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

तहसील के सभी 133 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स में कार्य निर्धारित समय-सीमा के पहले 18 मई को ही शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है, जिससे कटनी ग्रामीण जिले की पहली पूर्ण लक्ष्य हासिल करने वाली तहसील बन गई है। प्रमुख जनगणना अधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में 1 मई से प्रारंभ हुए इस महाअभियान में कटनी ग्रामीण तहसील की टीम ने अनुकरणीय कार्यशैली, बेहतर समन्वय और सतत मॉनिटरिंग के बल पर यह उपलब्धि अर्जित की। तहसीलदार ग्रामीण अतुलेश सिंह ने बताया कि कटनी ग्रामीण तहसील के साथ-साथ नगर परिषद उमरियापान ने भी अपने सभी 39 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स में मकान गणना कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

# महानदी में नहाने गया युवक पानी के तेज बहाव में बहा, डूबने से हुई मौत

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत महानदी पुल के पास चपाना घाट में रविवार को एक युवक की महानदी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार माधव नगर थाना क्षेत्र के ग्राम झिंझरी निवासी ऋषि पिता संतोष चौधरी (19) रविवार शाम को अपने कुछ दोस्तों के साथ बड़वारा स्थित चपना घाट पर नहाने के लिए आया था। दोस्तों ने बताया कि नदी पर पहुंचते ही ऋषि ने पानी में छलांग लगा दी। लेकिन गहरे पानी और तेज बहाव के कारण वह सतह पर वापस नहीं आ सका और लापता हो गया। काफी देर तक ऋषि पानी से बाहर नहीं निकला तो उसके दोस्त घबरा गए। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना बड़वारा थाना पुलिस और युवक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही बड़वारा थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजबीन करते हुए युवक को पानी से बाहर निकाला गया। जिसके बाद उसे बड़वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सफाई | जलभराव रोकने बारिश के पहले की जा रही तैयारियां, नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा अभियान

# स्वच्छता मानकों को ध्यान में रखकर कराई जा रही सफाई, लापरवाही पर होगी कार्रवाई




**नवभारत,कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने और बारिश दौरान सुगम जल निकासी व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम द्वारा शहर के वार्डों और प्रमुख मार्गों पर सफाई कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। शहर के मुख्य मार्गों पर आधुनिक स्वीपिंग मशीनों के माध्यम से नियमित साफ-सफाई कराई जा रही है। इसके साथ ही नाले-नालियों की व्यापक सफाई कराई जा रही है। जिससे बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हो और पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। जिला स्तरीय और नगर निगम के नोडल अधिकारी मैदानी स्तर पर लगातार निरीक्षण कर सफाई कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। साथ ही संबंधित अमले को निर्धारित समय पर कार्य पूरा करने के लिए कहा जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण के मानकों के अनुरूप नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के उद्धेश्य से जिला स्तरीय अधिकारी और निगम के नोड़ल अधिकारियों द्वारा रोजाना सुबह की पाली में सफाई व्यवस्था का मूल्यांकन कर कमियां पाए जाने पर तत्काल ही सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे है। नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था के साथ ही नगर की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के के लिए आधुनिक रोड स्वीपिंग मशीन से नगर के विभिन्न मार्गों की सफाई का कार्य निरंतर जारी है। मशीन के माध्यम से विगत रात्रि बस स्टैंड से चांडक चौक, ओवरब्रिज होते हुए कटाएघाट मोड़ से माधवनगर गेट, झिंझरी और पीरबाबा तक मुख्य मार्ग, डिवाइडर किनारे की मिट्टी, धूल की सफाई का कार्य किया गया। नगर निगम के स्वास्थय अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर के विभिन्न वार्डो के नाले एवं नालियों से सुगम जल निकासी की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए बिरसा मुंडा वार्ड सुलभ काम्पलेक्स, पुरैनी शासकीय स्कूल के पीछे, इंदिरा गांधी वार्ड बस स्टैंड क्षेत्र, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड गाटर घाट रोड, महात्मा गांधी वार्ड बोरा गली, जयप्रकाश वार्ड स्थित धर्मलोक हॉस्पिटल वाला नाला एवं नई बस्ती क्षेत्र की विभिन्न नालियों, जगमोहनदास वार्ड स्थित संतनगर, आचार्य विनोवा भावे वार्ड में बरसाती पानी की निकासी हेतु कच्चा नाले की सफाई, वीनस होटल के पास, रघुनाथ गंज वार्ड गोल बाजार, नेहरू वार्ड स्थित हाउसिंग बोर्ड पानी की टंकी के सामने, सायना हेल्थ क्लब के सामने, जीवन ज्योति हॉस्पिटल सहित अन्य स्थानों में सफाई कराई गई है।


## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रमांक 444/स्व.भा.मि./2026 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — कटनी, दिनांक :- 08/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेवासाइट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_506734_1 | नगरपालिक निगम, कटनी सीमान्तर्गत विभिन्न ओव्हर हेड वाटर टैंक में वॉल पेंटिंग कार्य। | 1- 03 माह<br>2- 14.60/- लाख | 1- 2,000/-<br>2- 11000/- | 11/06/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:/mptenders.gov.in की वेवसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त
नगरपालिक निगम, कटनी